एक नजर में

## सत्यार्थी समर स्कूल के प्रतिभागियों ने किया संजय कैंप का दौरा

**नई दिल्ली.** करुणा पर केंद्रित दुनिया के पहले शिक्षण कार्यक्रम- सत्यार्थी समर स्कूल (एसएसएस) के प्रतिभागियों ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर दिल्ली के संजय कैंप का दौरा किया. प्रतिभागियों ने बाल मित्र मंडल के बाल नेताओं के साथ बातचीत की, उनके परिवर्तन की प्रेरक कहानियां सुनीं, उनके साथ नृत्य किया और गीत गाए. इस दौरान वे पूर्व बाल मजदूरों से भी मिले, जो अब नेतृत्वकर्ता और परिवर्तनकर्ता की भूमिका निभा रहे हैं. उसके बाद सभी प्रतिभागी राजस्थान स्थित बाल आश्रम पहुंचे, जहां वे वैश्विक नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों के साथ विशेष, गहन सत्रों में भाग ले रहे हैं. 8 जून से शुरू हुआ सत्यार्थी समर स्कूल 5 जुलाई तक नई दिल्ली और राजस्थान में चलेगा. सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन (एसएमजीसी) का करुणा पर केंद्रित यह 30-दिवसीय शिक्षण कार्यक्रम नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के दृष्टिकोण और करुणा के दर्शन से प्रेरित है. कैलाश सत्यार्थी के अनुसार करुणा वह शक्ति है जो दूसरों के दुख को अपने दुख के रूप में महसूस करने से पैदा होती है और निस्वार्थ कार्रवाई को प्रेरित करती है।

## अल्ट्रा गाने ने डिजिटल रूप से रिस्टोर गीत किए लांच

**इंदौर.** इस वर्ल्ड म्यूज़िक डे पर अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप भारत के सिनेमा के स्वर्ण युग को रंगों की नई आभा में सजा कर एक दिल से दिया गया सम्मान अर्पित कर रहा है. सदाबहार गीतों को नए रंग और नयी चमक के साथ एक नया स्वरूप मिल रहा हैद अब मनमोहक रंगों में और पहले से भी ज़्यादा आकर्षण के साथ. अपने अनूठे प्लेटफॉर्म 'अल्ट्रा गाने' के ज़रिए जो भारत का पहला ऑडियो-वीडियो म्यूज़िक स्ट्रीमिंग ऐप है ग्रुप एक खास कलेक्शन पेश कर रहा है. इसमें शामिल हैं वे क्लासिक हिंदी फिल्मी गीत, जिन्होंने पीढ़ियों के दिलों को छुआ. कभी ब्लैक एंड व्हाइट में फिल्माए गए ये अमर गीत अब अल्ट्रा की अत्याधुनिक तकनीक से डिजिटल रूप से रंगीन और निखरे हुए रूप में सामने आ रहे हैं. ल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा ये गाने महज़ संगीत नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा की आत्मा की गूंज हैं. सीओओ और डायरेक्टर श्री रजत अग्रवाल ने कहा, हमारे लिए विरासत को सहेजना एक ज़िम्मेदारी है, लेकिन हर गीत में छिपी कहानी को फिर से सुनाना हमारी असली पहचान है।

## सीआरआई सोलर को 210 करोड़ का मल्टी-स्टेट ऑर्डर

**इंदौर.** सीआरआई पंप्स का एक प्रमुख प्रभाग और नवीकरणीय ऊर्जा संचालित जल समाधानों में अग्रणी, सीआरआई सोलरको हाल ही में एक बड़ा ऑर्डर मिला है. उन्हें महाराष्ट्र ऊर्जा विकास एजेंसी (मेडा), हरियाणा नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (हरेडा), और पंजाब ऊर्जा विकास एजेंसी (पेडा)से कुल 6,894 सोलर पंपिंग सिस्टमकी आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग का कार्य मिला है. इन सभी ऑर्डरों का कुल मूल्य 210 करोड़ रुपए है. ये प्रतिष्ठित ऑर्डरभारत के कृषि क्षेत्रों में टिकाऊ सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करनेके एक बड़े प्रयास का हिस्सा हैं. इस उपलब्धि पर सीआरआई ग्रुप के चेयरमैन जी. सौंदराराजन ने कहा यह समेकित उपलब्धि भारत के ग्रामीण और कृषि परिदृश्य में स्वच्छ, विश्वसनीय और टिकाऊ जल पहुंच को सक्षम बनाने के लिए सीआरआई की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है. ये परियोजनाएं केवल अवसंरचना से कहीं अधिक हैं- ये ग्रामीण समृद्धि, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के सक्षमकर्ता हैं.

## डॉ. अग्रवाल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित




**इंदौर.** हाल ही में जबल पुर में क्लीनिकल कार्डिओ डायबीटिक सोसायटी ऑफ़ इंडिया (सीसीडीएसआई) और आरआर एजुकेशनल सोसायटी के संयुक्त राज्य सम्मेलन में इंदौर के डायबिटीज़ मोटापा, थायराइड एवं हॉर्मोन विशेषज्ञ डॉ. राजेश अग्रवाल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया. इस सम्मेलन में इंदौर से ये सम्मान पाने वाले डॉ. राजेश अग्रवाल एकमात्र चिकित्सक है. डॉ. अग्रवाल ने मेडिकल साइंस में पहली बार जेल सिंड्रोम को परिभाषित किया और उनके द्वारा लिखित किताब जिओ डायबिटीज़ की अभी तक पचास हज़ार प्रतियाँ वितरित की जा चुकी है. डॉ. राजेश ने सौ से अधिक बार रक्तदान किया और मेडिकल कॉलेज को देहदान करने का संकल्प भी लिया है. उनका नाम लिम्का बुक ऑफ़ रिकॉर्ड में भी सम्मिलित है. डॉ. राजेश अग्रवाल के कई रिसर्च पेपर नेशनल और इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित हो चुके है. डॉ. अग्रवाल को उनके डायबिटीज में उल्लेखनीय योगदान के लिए कई फेलोशिप प्रदान की गई है. इस अवसर पर डॉ. परिमल स्वामी, डॉ. रितु श्रीवास्तव और डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव डॉ नर्मदा प्रसाद उपस्थित थे.

## टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया ऐस प्रो

**इंदौर.** भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी, टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू टाटा ऐस प्रो को लॉन्च कर कार्गो मोबिलिटी के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है. इस लॉन्च के साथ कंपनी ने छोटे कार्गो परिवहन में एक नए युग का आगाज़ किया है. केवल 3.99 लाख रुपए की शुरुआती कीमत के साथ, टाटा ऐस प्रो भारत का सबसे किफायती फोर-व्हील मिनी ट्रक है, जो असाधारण दक्षता, शानदार लचीलापन और उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करता है. नए उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया, टाटा ऐस प्रो पेट्रोल, बाय-फ्यूल (सीएनजी + पेट्रोल), और इलेक्ट्रिक वैरिएंट्स में उपलब्ध है। यह ग्राहकों को उनकी व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए आदर्श समाधान चुनने की सुविधा देता है. ऐस प्रो के लॉन्च पर, टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गिरीश वाघ ने कहा टाटा ऐस के लॉन्च ने भारत में कार्गो परिवहन में तहलका मचा दिया था. नए टाटा ऐस प्रो के साथ, हम इस विरासत को नए जोश के साथ और नई पीढ़ी के सपने देखने वालों के लिए आगे ले जा रहे हैं। मजबूती, सुरक्षा और मुनाफे के लिए बनाया गया, ऐस प्रो अधिक कमाई के मौके देता है ताकि महत्वाकांक्षी उद्यमी अपने भविष्य को बेहतर बना सकें.

## टीवी सेलेब्रिटीज़ की सेहत से जुड़ी आदतें

**इंदौर.** मानसून जहां गर्मी से राहत देता है, वहीं साथ लाता है तापमान में उतार-चढ़ाव, दूषित पानी से होने वाली बीमारियों की समस्या और कमजोर इम्युनिटी की चुनौती. एण्डटीवी के कलाकारों सपना सिकरवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की बिमलेश) और आसिफशेख ('भाबीजी घर पर हैं' के विभूति मिश्रा) ने बताया कि इस बारिश के मौसम में अपनी इम्युनिटी को मज़बूत बनाए रखने के लिये वो क्या कर रहे हैं. सपना सिकरवार, कहती हैं, मानसून में मैं अपने इम्यून सिस्टम को मजबूत रखने के लिए घरेलू नुस्खों पर भरोसा करती हूं. मैं ऑयली और मिर्च-मसाले वाला तीखा खाना खाने से बचती हूं क्योंकि इस मौसम में यह ठीक से पचता नहीं है. आसिफशेख ने कहा, मैं अपनी इम्युनिटी बढ़ाने वाले फूड से कभी समझौता नहीं करता. मैं हल्का और गरम खाना खाता हूं-जैसे मूंग दाल, चावल और हल्की भुनी सब्ज़ियां. मेरी इम्युनिटी का सीक्रेट है शाम को एक कप हर्बल टी, जो न सिर्फ सुकून देती है, बल्कि असरदार भी होती है. इस मौसम में मैं स्ट्रीट फूड से पूरी तरह दूर रहता हूं.

## वडनगर ने भुजंगासन में बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**इंदौर.** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गुजरात के ऐतिहासिक नगर वडनगर ने भुजंगासन (कोबरा पोज़) में सर्वाधिक लोगों द्वारा एकसाथ योगाभ्यास कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया. इस भव्य आयोजन का आयोजन गुजरात योग बोर्ड द्वारा आयुष मंत्रालय के सहयोग से किया गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मस्थली वडनगर में इस रिकॉर्ड के लिए राज्य भर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. वडनगर स्थित ताना-रीरी बाग़ में 1,000 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रशिक्षित योगाचार्यों के मार्गदर्शन में एकसाथ भुजंगासन किया. यह आयोजन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया, और इसमें समयबद्धता, समन्वय और शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया गया. इस आयोजन में गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्रभाई पटेल और गृह राज्यमंत्री हर्ष सांघवी ने भी भाग लिया और लोगों के साथ मिलकर भुजंगासन किया. इस ऐतिहासिक उपलब्धि के मुख्य समन्वयक निश्चल बारोट रहे, जो भारत के प्रमुख गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड सलाहकार और केमि%स कनेक्ट के संस्थापक हैं.

# आधुनिक तकनीक से लैस होगा शहर का फायर ब्रिगेड

### रोबोटिक फायर मशीन का महापौर के सामने प्रेजेंटेशन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में लगातार बहुमंजिला इमारतों की संख्या में इजाफा हो रहा है. उक्त इमारतों में आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को नगर निगम आधुनिक संसाधनों से लैस करने का काम कर रहा है. आज आग बुझाने की आधुनिक रोबोटिक मशीन का महापौर के सामने प्रेजेंटेशन किया गया.**




शहर के निरंतर विस्तार और हाईराइज इमारतों के तेजी से बढ़ते निर्माण को लेकर नगर निगम फायर ब्रिगेड को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने का काम कर रहा है. इसी कड़ी में आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने फायर रोबोट और अत्याधुनिक फायर फाइटिंग उपकरणों का प्रेजेंटेशन देखा. प्रेजेंटेशन के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर एक प्रगतिशील शहर है, जहां हर दिन नई-नई बहुमंजिला इमारतें बन रही हैं.

ऐसे में शहर की अग्निशमन व्यवस्था को मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है. पिछले एक वर्ष से फायर टीम को सशक्त करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं. आज शहर में 70 मीटर तक की ऊंचाई पर आग बुझाने में सक्षम विशेष अग्निशमन वाहन खरीदने प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है. उन्होंने कहा कि समय के साथ तकनीक भी बदल रही है, और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित कैमरा ऑपरेटेड फायर सिस्टम की आवश्यकता है, जो तुरंत कारवाई में सक्षम हो.

### फायर फाइटिंग मशीन का प्रदर्शन देखा

इसी श्रेणी में आज मोबाइल और रिमोट कंट्रोल से संचालित रोबोटिक फायर फाइटिंग मशीन का प्रदर्शन देखा. उक्त मशीन तंग गलियों और घनी बस्तियों में आग बुझाने के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो सकती है. देश में अब विश्वस्तरीय अग्निशमन उपकरण निर्मित हो रहे हैं. निगम द्वारा नई तकनीक का प्रेजेंटेशन पूर्व में मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट के सामने भी प्रस्तुत किया गया था. नगर निगम शहर के चारों कोनों में अत्याधुनिक फायर स्टेशन की स्थापना कर मजबूत फायर नेटवर्क बनाने जा रहा है. इस मौके पर नगर निगम के अधिकारीगण अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया सहित फायर विभाग के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे.




## शर्मा को पं. माधवराव सप्रे साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान

**इन्दौर. अपने प्रकाशन की शताब्दी पूर्ण करने जा रही, राष्ट्रीय मासिक पत्रिका 'वीणा' के सम्पादक और वरिष्ठ साहित्यकार राकेश शर्मा को अखिल भारतीय स्तर का 'पण्डित माधवराव सप्रे साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान 2025' रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया. यह सम्मान सर्जना और संपादन के क्षेत्र में किए गए विशेष अवदान के लिए दिया जाता है.**

श्री मध्यभारत हिन्दी साहित्य समिति के प्रचार मंत्री श्री हरेराम वाजपेयी ने बताया कि इस सम्मान के तहत श्री शर्मा को धनराशि, प्रशस्ति पत्र, शॉल, श्रीफल प्रदान किए गए। श्री शर्मा को यह सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार श्री गिरीश पंकज, वरिष्ठ पत्रकार श्री सुधीर शर्मा, छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के निदेशक श्री शशि शर्मा, शिक्षाविद् चितरंजन कर, समाजसेवी श्री मधुकर काले तथा रायपुर के गणमान्य साहित्यिकों की उपस्थित में प्रदान किया गया.



## बच्चों से लेकर 80 वर्ष के बुजुर्गों तक तीन पीढ़ियों का सम्मान समारोह

**इंदौर. नारनोली अग्रवाल पंचायती ट्रस्ट ने समाज के आठ बुजुर्गों से लेकर 50 से अधिक प्रतिभावान बच्चों को एक मंच पर आमंत्रित कर उनका सम्मान किया. इनमें 8 वर्ष के बच्चे से लेकर 80 वर्ष के बुजुर्ग भी शामिल थे. इस मौके पर समाज की तीन पीढ़ियां एक साथ मौजूद रही.**

ट्रस्ट के अध्यक्ष हुकमचंद अग्रवाल एवं मंत्री विजय अग्रवाल ने बताया कि समाज के लिए समर्पित भाव से काम करने वाले आठ वरिष्ठों को शाल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर समाज के प्रति उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में सभी बुजुर्गों के परिजनों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था. इस मौके पर कमल कुमार ऐरन, राधेश्याम अग्रवाल, कैलाशचंद्र अग्रवाल, प्रकाश ऐरन, गुणमाला गर्ग, कमला अग्रवाल एवं लक्ष्मीबाई गोयल को ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी बंधुओं की मौजूदगी में पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया. इसके साथ ही विभिन्न परीक्षाओं में प्रावीण्यता प्राप्त करने वाले और विभिन्न स्पर्धाओं में विजेता बनकरनाम रोशन करने वाले 50 से अधिक बच्चों को भी सम्मानित किया गया. समाजसेवी नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले, कार्यक्रम संयोजक विनय गर्ग एवं योगेश गोयल, ट्रस्ट के सहमंत्री ओमप्रकाश बंसल दद्दू, गोविंद अग्रवाल, विनोद बंसल सांघी, गोपालदास अग्रवाल, प्रकाश ऐरन, विनय अग्रवाल गट्टू सहित बड़ी संख्या में सम्मानित बुजुर्गों एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया. ट्रस्ट के मंत्री विजय अग्रवाल ने आभार माना.

## ग्राम पंचायत में बनाएं प्राकृतिक संसाधनों का डाटा : डॉ अफरोज

- पर्यावरण, वायु गुणवत्ता और जल संचयन को लेकर समीक्षा बैठक
- एनजीटी के आदेश में इंदौर मॉडल का उल्लेख




नव भारत न्यूज

**इंदौर. देश में पर्यावरण संरक्षण, वायु गुणवत्ता सुधार और जल संचयन में इंदौर की विशेष पहचान है. यह देश का मॉडल शहर बन गया है. इस शहर में विगत कई वर्षों से कई उल्लेखनीय कार्य और नवाचार हो रहे हैं. उक्त कार्यों को और आगे बढ़ाने की जरूरत है. साथ ही जिले की हर ग्राम पंचायत में प्राकृतिक संसाधनों का डेटाबेस तैयार किया जाए. यह बात एनजीटी की प्रिंसिपल बेंच के सदस्य डॉ. अफरोज अहमद ने पर्यावरण समिति की बैठक में कही.**

कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन और वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर एनजीटी के सदस्य की उपस्थिति में समीक्षा बैठक हुई. बैठक में एनजीटी के डॉ. अफरोज अहमद ने कहा कि एनजीटी अपने आदेशों एवं निर्देशों में इंदौर मॉडल का उल्लेख भी कर रहा है. अधिकारियों ने बैठक में बताया गया कि चालू वर्ष 2025 के लिए जिला पर्यावरण प्लान बन गया है. इस प्लान में वेस्ट मैनेजमेंट, वायु गुणवत्ता, वेटलैंड मैनेजमेंट, वृक्षारोपण आदि पर विशेष ध्यान देने का प्रावधान रखा गया है. डॉ. अफरोज को जानकारी दी गई कि 432 जल संरचनाओं को परियोजना में वेटलैंड मैनेजमेंट प्लान के तहत शामिल किया गया है. अहमद ने कहा कि जिले की हर ग्राम पंचायत में प्राकृतिक संसाधनों की मैपिंग कर डेटाबेस बनाएं. डेटा में जल सरंचना, वृक्ष, पहाड़ आदि की जानकारी सम्मिलित हो. उन्होंने कहा कि सभी तालाबों का सीमांकन भी कराया जाए. वृक्षारोपण अभियान में पौधों की सुरक्षा, रखरखाव और संधारण के लिए भी पंचायत स्तर समिति बनाई जाएं.

### पराली के लिए जनजागरूकता जरूरी

बैठक में अहमद ने कहा कि पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक जन जागरूकता जरूरी है. कलेक्टर आशीष सिंह ने पर्यावरण संरक्षण और वायु गुणवत्ता में सुधार कार्यों की जानकारी दी. इस बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, एमपीआईडीसी कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे.

### ग्रीन बेल्ट सुरक्षित रखने विशेष नियम बनाएं

बैठक में उन्होंने कहा कि ग्रीन बेल्ट सुरक्षित रखने के लिए विशेष नियम बनाएं. पर्यावरण का नुकसान करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होना चाहिए. इंदौर में हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं. अधिकारियों ने बताया गया कि जिले में इस वर्ष 20 लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य है.

## निगम पोर्टल में संपत्ति, जलकर ,कचरा शुल्क का एक ही खाता : महापौर



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में नगर निगम के करदाता एकीकृत पोर्टल के माध्यम से संपत्ति कर, जलकर और कचरा शुल्क का भुगतान एक साथ कर सकेंगे.**

उक्त जानकारी महापौर ने निगम सभाकक्ष में राजस्व विभाग एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक में दी. महापौर ने बताया कि नगर निगम डिजिटल पोर्टल में जनता की सुविधा को केंद्र में रखा गया है. उन्होंने निर्देश दिए कि पोर्टल पर करदाता अपनी संपत्ति की गणना किस रेट झोन और साइज़ के आधार पर की गई है, यह स्पष्ट रूप से देख सकेगा. नगर निगम पोर्टल पर संपत्तिकर, जलकर और कचरा प्रबंधन शुल्क हेतु खाते की एक ही आईडी होगी. इससे करदाताओं को अलग-अलग खातों नहीं ढूंढना पड़ेंगे.

महापौर ने बैठक में बताया कि कर जमा करने के बाद संबंधित करदाता को पोर्टल जानकारी दिखाई देगी.

### समय सीमा में हो पोर्टल का निर्माण

महापौर ने निर्देश दिए कि पोर्टल निर्माण का कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो तथा इसकी निरंतर मॉनिटरिंग की जाए. नगर निगम का जनता को डिजिटल पोर्टल से जोड़ने के साथ पारदर्शी और उत्तरदायी प्रशासन देने अहम भूमिका निभाएगा. आने वाले समय में उक्त पोर्टल जनता के लिए भरोसेमंद माध्यम बनेगा. बैठक में महापौर परिषद सदस्य निरंजन सिंह चौहान, राजेश उदावत, अपर आयुक्त नरेंद्रनाथ पांडे, अनिल बनवारिया, लता अग्रवाल सहित दोनों विभागों के अधिकारी उपस्थित थे.

## बारिश से पालदा आरटीओ रोड पर गड्ढों में तब्दील सड़क

- क्षेत्रीय रहवासी हुए परेशान और प्रशासन बेसुध



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में पालदा से आरटीओ कार्यालय जाने वाले रास्ते पर सड़क गायब हो चुकी है. यह सड़क करीब तीन किलोमीटर लंबी है, जिसमें गड्ढों की भरमार है. खास बात यह है कि उक्त सड़क पर करीब 15 कॉलोनियां और सैकड़ों मल्टी स्टोरी बिल्डिंग है. कॉलोनियों और बहुमंजिला इमारतों में हजारों रहवासी रहते है, जो रोज जान हथैली पर रखकर आते जाते हैं. इस मामले को लेकर प्रशासन, नगर निगम और जनप्रतिनिधि बेसुध है.

पालदा तिराहे से बायपास को जोड़ने वाली तीन किलोमीटर लंबे रास्ते पर गड्ढे ही गड्ढे है. उक्त सड़क केके पीडब्ल्यूडी ने पिछले साल टेंडर किया था, लेकिन सड़क निर्माण आज तक शुरू नहीं हुआ है. अभी बारिश ठीक से शुरू नहीं हुई है, किंतु जरा से पानी में गड्ढों के अलावा सड़क नहीं बची है. गड्ढों के कारण न केवल वाहन चालकों को बहुत परेशानी हो रही है, बल्कि आए दिन दुर्घटना होने का हमेशा ख़तरा बना रहता है. स्थानीय रहवासी और व्यापारियों का कहना है कि यह समस्या पिछले कई सालों से बारिश में इतनी ज्यादा हो जाती है कि घर और ऑफिस आना जाना दुभर हो जाता है. सड़क पर गड्ढे इतने गहरे हो गए हैं कि दोपहिया वाहन चालकों को संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है. रात में दुर्घटना का डर ओर भी बढ़ जाता है.

### हो सकता है बड़ा हादसा

उक्त सड़क से रोज़ाना आरटीओ जाने वाले सैकड़ों लोग, स्कूल बसें और ट्रक गुज़रते हैं. नागरिकों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से कई बार शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. समय रहते सड़क की जल्द से जल्द मरम्मत नहीं कि तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा होना तय है.

## पीबीपार्टनर्स ने सेल्स टीम की सफलता का जश्न मनाया

**इंदौर. देशभर के 8 शहरों में आयोजित इग्निशन 4.0 ने पीबीपार्टनर्स की सेल्स टीम की उपलब्धियों का जश्न मनाया. यह कार्यक्रम अनुशासन, ज़िम्मेदारी और बेहतरीन काम को बढ़ावा देता है, जिससे आने वाले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मजबूत शुरुआत हुई है.**

पीबीपार्टनर्स, जो कि पॉलिसीबाज़ार की पीओएसपी शाखा है, उसने इग्निशन 4.0 की शुरुआत की है. यह एक ज़बरदस्त ऑल इंडिया मुहिम है, जिसका मकसद अपनी सेल्स टीम को उत्साहित करना, उन्हें प्रेरित करना और उनके शानदार काम के लिए उन्हें सम्मान देना है. इस टीम ने कंपनी की ग्रोथ में वित्त वर्ष 24-25 में अहम योगदान दिया है, और अब यह वित्त वर्ष 25-26 के लिए नए जोश और बड़े लक्ष्य के साथ तैयार है. इग्निशन 4.0 को देश के 8 शहरों में आयोजित किया गया, जहां पीबीपार्टनर्स की सभी सेल्स टीमों को एक साथ लाया गया. इस दौरान ग्राउंड इवेंट्स, वर्कशॉप्स और ट्रेनिंग सेशंस हुए, जिससे टीम को आगे के सफर के लिए जरूरी जानकारी और सही दिशा मिली. पीबीपार्टनर्स के नेशनल सेल्स हेड नीरज अधाना ने बताया कि,- इग्निशन 4.0 सिर्फ एक इंटरनल प्रोग्राम नहीं, बल्कि एक ऐसा अभियान है जो हमारे मूल्यों को दोहराता है, हमारी टीम की मेहनत का जश्न मनाता है और नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत तय करता है। इस प्लेटफॉर्म के ज़रिए हमारा मकसद है कि हमारी हर सेल्स टीम का सदस्य ज़िम्मेदारी ले, फोकस बनाए रखे और पूरे मकसद के साथ काम को अंजाम दे. इस पहल का मुख्य आधार है 'द पीबीपी वे'। ये वह सात मूल सिद्धांत हैं जो कंपनी की कार्यशैली और संस्कृति को दिखाते हैं।

एक नजर में

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर में की गयी क्रांतिकारी हर्निया सर्जरी

## पीईटीईपी प्रक्रिया से नाभि हर्निया के मरीजों को मिल रही दर्द व निशान मुक्त रिकवरी

**इंदौर. मध्य प्रदेश और आस-पड़ोस के इलाकों के मरीज़ों को सुरक्षित और उन्नत सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर ने पीईटीईपी (प्रीपेरिटोनियल एक्सटेंडेड टोटली एक्स्ट्रापेरिटोनियल) हर्निया सर्जरी करना शुरू कर दिया है. यह मध्य प्रदेश का पहला अस्पताल है, जहां नाभि (अम्बिलिकल) और उदर (वेंट्रल) हर्निया के इलाज के लिए एक अत्यधिक उन्नत, न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया उपलब्ध है.**



कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर के कंसल्टेंट जीआई, लेप्रोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी, डॉ. प्रतीक पोरवाल ने एक विशेष तकनीक का उपयोग करके इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक किया. प्रमुख मांसपेशियों को काटने के बजाय नाभि और पेट की दीवार का पूरा रिकंस्ट्रक्शन इसमें किया जाता है, जिसकी वजह से मरीज़ों को दर्द बहुत कम होता है, वे तेज़ी से ठीक होते हैं, और पेट की दीवार और नाभि के पूरे रिकंस्ट्रक्शन के साथ पेट पर कोई निशान भी नहीं दिखाई देता है. डॉ. प्रतीक पोरवाल ने कहा यह नई तकनीक हर्निया के इलाज में एक बड़ी क्रांति है. पारंपरिक हर्निया सर्जरी में अक्सर बहुत ज़्यादा दर्द और दिखाई देने वाले निशान होते हैं. पीईटीईपी के साथ, हम अब हर्निया को अत्यधिक सटीकता के साथ ठीक कर सकते हैं. मरीज़ों को कम से कम असुविधा के साथ उनकी सामान्य ज़िंदगी में लौटने में सक्षम बनाना और सर्जरी की कोई स्पष्ट याद नहीं आए यह सुनिश्चित करना हमारा उद्देश्य है. प्रक्रिया को अधिकतम सटीकता के साथ करने के लिए हॉस्पिटल ने विशेष उपकरणों के साथ सबसे उन्नत 4के लेप्रोस्कोपिक प्रणाली का भी उपयोग किया. कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर के उपाध्यक्ष सुनील मेहता ने कहा, हमें गर्व है कि हम मध्य प्रदेश में इस क्रांतिकारी पीईटीईपी तकनीक को लेकर आए है. इस प्रक्रिया के न केवल बेहतर क्लिनिकल परिणाम मिलते हैं, बल्कि मरीज़ के आराम और भावनात्मक कल्याण को भी इसमें प्राथमिकता दी जाती है.

### रिकवरी अविश्वसनीय थी

देवास में रहने वाले आशीष चौधरी कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में पीईटीईपी प्रक्रिया करवाई. उन्होंने बताया मैं लगभग दो महीने से पेट दर्द और नाभि के पास सूजन से त्रस्त था. कई अस्पतालों से परामर्श करने के बाद, मुझे पता चला कि डॉ. पोरवाल ही इस उन्नत सर्जरी को करने वाले एकमात्र व्यक्ति है. परामर्श से लेकर सर्जरी तक की पूरी प्रक्रिया ने मुझे काफी आश्वस्त किया. मेरी रिकवरी अविश्वसनीय थी और मैं 12 घंटे के भीतर आराम से चलने लगा. मुझे तो ऐसा लगता ही नहीं कि मेरी कभी सर्जरी हुई है.